# ग्वालियर से भिंड के बीच बिना परमिट दौड़ रही राजस्थान की बस

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर, 29 दिसंबर।** मध्यप्रदेश के परिवहन विभाग और ग्वालियर आरटीओ की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्वालियर के मुख्य बस स्टैंड से राजस्थान के झुंझुनू जिले में रजिस्टर्ड एक बस (नंबर-आरजे 18 पीबी 1524) बिना किसी वैध अनुमति के ग्वालियर से भिंड के बीच धड़ल्ले से दौड़ रही है।

**बिना परमिट 'सफेद हाथी' बनी राजस्थान की बस-** यह बस प्रतिदिन ग्वालियर मुख्य बस स्टैंड से भिंड के लिए दो फेरे लगा रही है। पर ताज्जुब की बात यह है कि दिन में दो चक्कर लगाने वाली इस बस पर जिम्मेदार अधिकारियों की नजर तक नहीं पड़ रही है। नियमानुसार, दूसरे राज्य की बस को मध्यप्रदेश की सीमाओं में व्यवसायिक संचालन के लिए वैध परमिट और टैक्स भुगतान की आवश्यकता होती है। लेकिन, सूत्रों की मानें तो यह बस बिना किसी कागजी औपचारिकता के अघोषित संरक्षण में चल रही है।

**परिवहन आयुक्त का आश्वासन, पर धरातल पर कार्रवाई शून्य-** इस मामले में जब विनोद भार्गव उपायुक्त परिवहन म.प्र. से जानकारी चाही गई, तो उन्होंने बस का विवरण मांगते हुए कहा कि हमारा चेकिंग दस्ता इसकी जांच करेगा और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, आयुक्त के इस आश्वासन के बावजूद हकीकत यह है कि यह बस कई हफ्तों से ग्वालियर बस स्टैंड से सवारियां भरकर भिंड के लिए रवाना होती है।




### हादसे का कौन होगा जिम्मेदार ?
### ग्वालियर-भिंड मार्ग पर परिवहन माफिया की मनमानी




### यात्रियों की चिंता : हादसे की स्थिति में कौन होगा जिम्मेदार?

बस में सफर कर रहे कुछ जागरूक यात्रियों ने इस अनियमितता पर गहरी चिंता व्यक्त की है। यात्रियों का तर्क है कि यह बस मध्यप्रदेश के ग्वालियर आरटीओ में जब रजिस्टर्ड नहीं है तो बिना वैध परमिट के संचालन के कारण, यदि कोई गंभीर हादसा होता है, तो यात्रियों को बीमा क्लेम या सरकारी मुआवजा मिलना लगभग असंभव होगा। नियमों को ताक पर रखकर चलाई जा रही यह बस यात्रियों की जान के साथ सीधा खिलवाड़ है।

### जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी

इस पूरे मामले में जब ग्वालियर आरटीओ से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। अधिकारियों की यह चुप्पी और चेकिंग दस्ते की अनदेखी' कहीं न कहीं विभाग और बस माफिया के बीच सांठगांठ की ओर इशारा करती है।

### सवाल : जो जवाब मांगते हैं?


चेकिंग दस्ता कहां है? जब बस प्रतिदिन दो बार निर्धारित समय पर स्टैंड से निकलती है, तो विभाग का दस्ता उसे पकड़ने में नाकाम क्यों है?
सांठगांठ का संदेह : क्या राजस्थान नंबर की इस बस को ग्वालियर परिवहन विभाग के किसी अधिकारी का मौन संरक्षण प्राप्त है?
राजस्व की चोरी : बिना परमिट संचालन से मध्यप्रदेश सरकार को होने वाले राजस्व घाटे की भरपाई कौन करेगा?
सुरक्षा मानक : क्या इस बस की फिटनेस और प्रदूषण मानकों की जांच मप्र के नियमों के अनुसार की गई है?
बस का यह फोटो ग्वालियर बस स्टैंड पर 23 दिसंबर को दोपहर 12 बजकर 55 मिनट पर लिया गया

# सर्दी से ठिठुरा शहर,जनजीवन प्रभावित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 29 दिसंबर।** सोमवार सुबह से शहर में अब कंपाने वाली ठंड शुरू हो गई है। सोमवार सुबह अचानक आए कोहरे ने लोगों को कंपा दिया। वहीं रविवार की रात अभी तक के सीजन की सबसे सर्द रात रही। रात में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री दर्ज किया गया जो कि अभी तक का सबसे कम तापमान है और सामान्य से तापमान 1.3 डिग्री कम है। इससे पूर्व शनिवार को पारा 6.7 डिग्री दर्ज किया गया था, जो कि सामान्य से 0.8 डिग्री कम था। दिन में धूप खिल जाने से अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से 1.1 डिग्री अधिक है। सोमवार सुबह 7 बजे के बाद अचानक शहर में कोहरा छा गया इसके कारण एकदम सर्दी बढ़ गई, घरों से दो पहिया वाहन पर निकले लोगों को गलन वाली सर्दी महसूस हुई। लोगों के हाथ, कान सर्द हवा से ठंडे हो गए। वहीं रविवार की रात अभी तक की सबसे सर्द रात रही। सोमवार को दोपहर में हवा की रफ्तार लगभग 5 से 6 किलोमीटर के बीच रही, हवा की रफ्तार सामान्य रहने एवं दिन में धूप निकलने से सर्दी में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार रात का न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री के बीच रहा।

हिमालय में बर्फबारी शुरू हो चुकी है, वहां पर कई जगह तापमान माइनस से नीचे चल रहा है। वहीं हिमालय से आने वाली हवा से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है, कई जगहों पर जबरदस्त कोहरे ने गलन पैदा करने वाली ठंड को बढ़ा दिया है। ग्वालियर में कोहरा होने से गलन पैदा करने वाली ठंड शुरूआत हो रही हैं,अब सर्दी ने लोगों को कंपाना प्रारंभ कर दिया है।





### स्कूलों व आंगनबाड़ियों में आज अवकाश

अत्यधिक ठंड व शीत लहर को ध्यान में रखकर जिले के सभी शासकीय व अशासकीय स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में 30 दिसम्बर को बच्चों के लिये स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी महिला-बाल विकास द्वारा अलग-अलग आदेश जारी किए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यह आदेश अत्यधिक ठंड की वजह से बच्चों के स्वास्थ्य, सुविधा, सुरक्षा एवं आवागमन को ध्यान में रखकर जारी किया गया है। यह आदेश ग्वालियर जिले में संचालित एमपी बोर्ड, सीबीएसई व आईसीएसई से संबद्ध सभी शासकीय एवं अशासकीय व शासन से मान्यता प्राप्त स्कूलों पर लागू होगा।





# सीआरपीएफ एयरपोर्ट पर योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 29 दिसंबर।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा सुबह 10बजे ग्वालियर एयरपोर्ट परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं अनुशासन के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर एयरपोर्ट डायरेक्टर लोकेश यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम कमांडेंट अरविंद शर्मा, ग्वालियर एयरपोर्ट की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, इंडिगो एयरलाइन्स, एयर इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइंस, ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसियों एवं अन्य संबंधित संस्थाओं के लगभग 150 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। योग सत्र एवं प्रदर्शन दो प्रशिक्षित योग प्रस्तावना गुप्ता एवं सब इंस्पेक्टर कुमारी अन्नू तोमर द्वारा कराया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस दौरान योग के लाभों पर भी प्रकाश डाला गया और बताया गया कि योग शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, तनाव को कम करता है, एकाग्रता बढ़ाता है तथा मानसिक शांति एवं समग्र कल्याण में सहायक होता है।

# ग्वालियर का एक्यूआई 350 पर, प्रदेश में सबसे प्रदूषित शहर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 29 दिसंबर।** ग्वालियर में प्रदूषण अपने चरम पर पहुंच गया है। सोमवार सुबह शहर का एक्यूआई 307 दर्ज किया गया जो कि प्रदेश में सर्वाधिक है। हालत इतने खराब हैं कि जो व्यक्ति अपने घर के बाहर काम कर रहा है उसके फेंफड़ों में प्रतिदिन 10 सिगरेट के बराबर धुंआ पहुंच रहा है। दिन बढ़ने के साथ ही शहर में प्रदूषण का स्तर और अधिक हो जाएगा। वही भोपाल में सर्वाधिक खराब स्थिति पर्यावरण परिसर की है जहां का एक्यूआई 216 है, इसी प्रकार इंदौर का एक्यूआई 93 एवं जबलपुर का एक्यूआई 104 रहा है। ग्वालियर में प्रदूषण अपने सवर्वाधिक खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। ग्वालियर में सबसे अधिक हालत फूलबाग क्षेत्र की खराब है, यहां पर प्रदूषण का स्तर सुबह 11 बजे 350 के करीब पहुंच गया है।



इसके बाद हालत लश्कर क्षेत्र के खराब हैं यहां पर प्रदूषण का 295 एक्यूआई रहा, इसी प्रकार दीनदयाल नगर का एक्यूआई 316 दर्ज किया गया पिंटो पार्क का एक्यूआई 306 रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण हवा में धूल मिट्टी, धुंए के कण सर्वाधिक हैं, इनमें पीएम 10 का स्तर 346 है, और पीएम 2.5 का स्तर 233 पर है। शहर में मौजूदा प्रदूषण का स्तर अपने सबसे खतरनाक स्तर पर है। घर के बाहर बैठा दुकानदार हर दिन 10 सिगरेट के बराबर धुंआ अपने फेफड़ों में ले रहे है। जो कि हर माह 300 सिगरेट के बराबर है।

### फेंफड़ों से संबंधित रोगियों के लिए खतरनाक हुई हवा

फेफड़ों से संबंधित बीमारी जिसमें अस्थमा, टीबी आदि के मरीजों के लिए शहर की आवोहवा पूरी तरह से नुकसानदायक है। हवा में प्रदूषण की मात्रा अधिक रहने पर अस्थमा और टीवी के मरीजों को सांस लेने में परेशानी हो रही है, साथ ही खांसी के कारण उनका जीना दूभर हो रहा है।

# जैन मिलन महिला शाखा का नि :शुल्क नेत्र शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 29 दिसंबर।** जैन मिलन महिला शाखा, फालका बाजार द्वारा रत्न ज्योति हॉस्पिटल ने बिरला नगर ग्वालियर में क्षेत्रीय स्तर पर नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया । यह शिविर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 500 मरीजों ने अपनी स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच करवाई। इनमें से 250 मरीजों को नेत्र ऑपरेशन हेतु रेफर किया गया, जो शिविर की उपयोगिता एवं सफलता को दर्शाता है। नेत्र परीक्षण का कार्य कुशलतापूर्वक शैलेन्द्र एवं मनोज द्वारा संपन्न किया गया। शिविर के मुख्य चिकित्सक डॉ. राजीव भार्गव रहे, जिनके कुशल मार्गदर्शन एवं देखरेख में संपूर्ण शिविर अत्यंत सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच का कार्य सोनू, अजय एवं अर्जुन पांडेय द्वारा पूरी निष्ठा एवं सेवा भावना के साथ किया गया।कार्यक्रम में क्षेत्रीय सह चेयरपर्सन शीला जैन, अध्यक्ष शैफाली जैन, रश्मि जैन एंव उत्कर्ष जैन सचिव इंदु जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे शिविर की शोभा एवं उत्साह में विशेष वृद्धि हुई। साथ ही देवेन्द्र सिंह तोमर रामू भैया की विशेष उपस्थिति भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने वाली रही। इस आयोजन में जैन मिलन महिला शाखा की सभी सदस्यों का सराहनीय एवं सक्रिय योगदान रहा।




# होटल में कमरा बुक कराने पर विवाद, कर दी मारपीट

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 29 दिसंबर।** दोस्त को ठहराने के लिए होटल में कमरा बुक करने गए युवकों का किराया कम करने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि युवकों ने होटल संचालक व स्टाफ के साथ मारपीट कर दी। घटना बीती रात ठाटीपुर थाना क्षेत्र के मयूर मार्केट में होटल मेक्सन की है। शिकायत मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद एक नामजद व दो अज्ञात युवकों के खिलाफ मारपीट का मामला कायम कर लिया।

**ठाटीपुर थाना क्षेत्र के मयूर मार्केट की घटना**

विवेक भदौरिया निवासी ठाटीपुर का दोस्त बाहर से आया था। उसे रुकवाने के लिए विवेक मयूर मार्केट स्थित होटल मेक्सन गया और वहां कमरा बुक किया। होटल स्टाफ ने कमरा बुक किया और रुपए मांगे। विवेक ने कहा कि उसके दोस्त आ रहे हैं, उनके आते ही रुपए दे देगा। लेकिन होटल स्टाफ ने रुपए न न मिलने तक कमरा बुक करने से मना कर दिया। विवेक ने कमरे का रेंट 2 हजार रुपए बताया।

विवेक ने कमरे का किराया ज्यादा होने की बात की तो होटल स्टाफ ने कहा कि हमारे यहां तो इतने में ही बुक होता है। इससे सस्ता चाहिए तो कहीं और जाकर देख लो। यही बात विवेक भदौरिया और उसके साथ आए दो दोस्तों को बुरी लगी और उन्होंने स्टाफ के साथ होटल संचालक रक्षित गुप्ता के साथ मारपीट कर दी। स्टाफ का आरोप है है कि विवेक व उसके दोस्तों ने मोबाइल तोड़ दिए और रिसेप्शन पर तोड़-फोड़ की। टीआई विपेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि जरा सी बात पर झगड़ा हो गया था।

### दुकान का ताला तोड़कर सिगरेट और गुटखा चोरी

ग्वालियर,29 दिसंबर। मुरार पुलिस की जनता से दूरी आपराधिक वारदातों को बढ़ावा दे रही है। हालत यह है कि अंधेरा छाते ही बदमाश सक्रिय होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही बीती रात सिंहपुर रोड बारादरी स्थित पान की दुकान पर हुआ। 8 बजे दुकान बंद करके दुकानदार चला गया और चोरों ने उसके जाते ही दुकान के ताले चटका कर उसमें रखे सिगरेट, पान मशाला के पैकेट तथा गल्ले में रखी नकदी चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। गौरव जैन 30 वर्ष निवासी शिवहरे कॉलोनी सिंहपुर रोड रोजी-रोटी कमाने के लिए पान की दुकान संचालित करता है। बीती रात करीब 8 बजे गौरव ने दुकान में ताला लगाया और घर चला गया। गौरव के घर जाते ही बदमाश सक्रिय हुए और दुकान के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। चोर सिगरेट व पान मशाला के पैकेट तथा गल्ले में रखी नकदी चोरी कर ले गए। दूसरे दिन सुबह 10 बजे जब गौरव दुकान खोलने पहुंचा तो ताले टूटे हुए मिले।


**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. : 23AAATM9054A3ZX)
No. : 14043/22/D-12/MPRRDA/2025 Bhopal, Dated : 29.12.2025

**NOTICE INVITING TENDER NO. 1244 (RBR BRIDGE)**

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **Name of Work : RBR Bridge (MP-PWD SSR : 11.04.2025)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Badwani | 1 | 31694810.00 |
| 2. | Dewas | 2 | 98881000.00 |
| 3. | Dhar | 8 | 575611484.00 |
| 4. | Guna | 1 | 44111300.00 |
| 5. | Indore | 1 | 24526840.00 |
| 6. | Narsinghpur | 1 | 10765857.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **05.01.2026 from 17:30 hrs.** and Last Date for online bid submission is **27.01.2026 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (ADMIN./TENDER)**
M.P. Madhyam/123713/2025

"मेरी सड़क" ऐप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।


# किसानों को भी अब 'ई-टोकन प्रणाली' से मिलेगा खाद

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 29 दिसंबर।** ग्वालियर जिले के किसानों को भी अब राज्य शासन द्वारा लागू की गई है। टोकन प्रणाली से खाद का वितरण होगा। ई-विकास प्रणाली के नाम से लागू हो रही खाद वितरण की इस व्यवस्था से किसानों को लम्बी-लम्बी कतारों में खड़े होने की जरूरत नहीं रहेगी। साथ ही बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और कालाबाजारी पर प्रभावी अंकुश लगेगा। इस व्यवस्था की यह भी खूबी है कि सरकार को उर्वरक की मांग तत्काल पता लग जायेगी और जरूरत के मुताबिक आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। कलेक्टर रुचिका चौहान ने कृषि, सहकारिता व विपणन संघ के अधिकारियों सहित जिले के सभी एसडीएम को प्रभावी ढंग से ई-टोकन प्रणाली व्यवस्था के तहत खाद वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

**किसानों को लम्बी-लम्बी कतारों में लगने की जरूरत नहीं रहेगी**

सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई राजस्व अधिकारियों की बैठक में जिला विपणन अधिकारी द्वारा विस्तारपूर्वक ई-टोकन उर्वरक वितरण प्रणाली का विस्तार से प्रजेंटेशन दिया गया। साथ ही इसी कड़ी में 6 जनवरी को कृषि, ग्रामीण विकास, सहकारिता, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, विपणन संघ एवं एमपी एग्रो के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था के तहत किसानों को खाद वितरित करने के लिये डिजिटल टोकन उपलब्ध कराया जायेगा। टोकन में किसान का नाम, पंजीयन क्रमांक, उर्वरक का प्रकार व मात्रा, वितरण केन्द्र एवं निर्धारित तिथि व समय अंकित रहेगा। यह टोकन एसएमएस, मोबाइल एप या वेब पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किया जा सकेगा। ई-टोकन के आधार पर किसान भाई निर्धारित समय पर संबंधित वितरण केन्द्र से उर्वरक प्राप्त कर सकेंगे।

### रोजगार व स्वरोजगार मेला आज लगेगा

ग्वालियर, 29 दिसम्बर। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप 30 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से गदाईपुरा रेडीमेड गारमेंट पार्क परिसर में स्थित जिला रोजगार कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप युवा संगम का आयोजन होगा। जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण शाला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे इस रोजगार मेले में आकर्षक पैकेज पर निजी क्षेत्र की दो दर्जन कंपनियां भर्ती के लिये आ रही हैं।


**उत्तर मध्य रेलवे**
No. JHS/W/DO/misc/LC-436(T) दिनांक: 29.12.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्वालियर-धौलपुर रेल मार्ग पर रायरू-बानमोर सेक्शन में स्थिल रेलवे फाटक क्र. 436 रेलवे किमी Km 1240/11-13, 12-14 को अनुरक्षण कार्य हेतु दिनांक **30.12.2025** से **03.01.2026** तक अस्थायी तौर पर बंद किया जा रहा है। इस दौरान वैकल्पिक मार्ग के रूप में आने जाने हेतु वाहन गेट न. 436 (सुसेरा रोड) बुद्धिपुरा गाँव से डायवर्ट कर लगभग 01 किमी दूर रायरू-झाँसी बाईपास हाईवे पुल रेलवे किमी Km 1240/4-6 का उपयोग किया जा सकता है।

**वरिष्ठ मंडल अभियंता/उत्तर**
**उत्तर मध्य रेल, झाँसी**
**2519/25 (ADM)**
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला अशोकनगर (म.प्र.)**

क्रमांक / खनिज /2025/1030 अशोकनगर, दिनाक-24/12/2025
म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 (1-क) (1) व 18 (1-क) (2) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए,

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संदीप सिंह सिकरवार पुत्र श्री कृपाल सिंह सिकरवार निवासी ग्राम भौडन, तहसील खनियाधाना, जिला शिवपुरी (म.प्र) के द्वारा खनिज पत्थर गिट्टी क्रेशर एवं एम सेन्ड उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 17.11.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 02/01/2026 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा हेक्टेयर में | भूमि का प्रकार निजी/अर्द्धनिजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अशोकनगर | ईसागढ़ | लहदपुर | 431 एस | 3.000 | शासकीय भूमि | क्रेशर पत्थर एवं एम सेन्ड हेतु | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से सूचना प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस की अवधि के भीतर (कार्यालयीन समय 5 :30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि. रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

G-23495/25

**प्रभारी खनि अधिकारी**
**(खनिज शाखा)**
**जिला अशोक नगर (म.प्र.)**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95